## संपादकीय

# सबके लिए सुख

आईटी कंपनी विप्रो के चेयरमैन अजीम प्रेमजी ने दानशीलता और परोपकारिता का एक और बड़ा उदाहरण पेश करते हुए सबका दिल जीत लिया है। पिछले दिनों उन्होंने विप्रो के अपने लगभग 34 फीसदी शेयर यानी करीब 52,750 करोड़ रुपए अजीम प्रेमजी फाउंडेशन को दान करने की घोषणा कर दी। इतना ही नहीं, प्रेमजी ने विप्रो के 67 फीसदी शेयर से होने वाली आमदनी भी चैरिटेबल फाउंडेशन को दान करने की प्रतिबद्धता जताई है। कंपनी में प्रेमजी के परिवार और कंपनियों की हिस्सेदारी 74.30 फीसदी है। अजीम प्रेमजी देश के उन चंद धनवानों में से हैं, जो अपनी कमाई का एक बड़ा हिस्सा समाजसेवा के लिए देते रहे हैं।

अब तक उन्होंने कुल 145,000 करोड़ रुपए (21 अरब डॉलर) दान कर दिए हैं। प्रेमजी का कहना है कि अमीर होना उन्हें रोमांचित नहीं करता। उनका मानना है कि जिन्हें धन रखने का विशेषाधिकार प्राप्त है, उन्हें उन लोगों की दुनिया को बेहतर बनाना चाहिए जिन्हें कम विशेषाधिकार प्राप्त है। अपने इस आदर्श को जमीन पर उतारने के लिए उन्होंने 2001 में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की स्थापना की। यह एक गैर-लाभकारी संगठन है, जिसने देश के अनेक हिस्सों में शिक्षा की रोशनी फैलाई है। वर्तमान में यह फाउंडेशन कर्नाटक, उत्तराखंड, राजस्थान, छत्तीसगढ़, पुडुचेरी, आंध्र प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में विभिन्न राज्य सरकारों के साथ मिलकर कार्य कर रहा है। स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार इसका प्रमुख उद्देश्य है। सच कहा जाए तो अजीम प्रेमजी ने भारतीय संस्कृति की इस मूल अवधारणा को समझा है कि अपनी समृद्धि को समाज के साथ बांटने में ही सबसे बड़ा सुख है और इसी में व्यक्ति के उद्यम की सार्थकता है।

लेकिन दुर्भाग्य से भारत के अन्य पूंजीपतियों में यह भावना कम है। आर्थिक सलाहकार फर्म 'बेन ऐंड कंपनी' की भारत में परोपकारिता पर जारी नई रिपोर्ट बहुत उत्साहजनक तस्वीर नहीं पेश करती। रिपोर्ट के मुताबिक, निजी चैरिटी फंडिंग में बेहद अमीर लोगों की हिस्सेदारी महज 55 फीसदी ही है और उसमें भी अकेले प्रेमजी का अंशदान 80 फीसदी है। अगर प्रेमजी द्वारा दी गई राशि को छोड़ दिया जाए तो धनिक भारतीयों के दान में वित्त वर्ष 2013-14 से लेकर 2017-18 के दौरान 4 फीसदी की गिरावट ही आई है। गौरतलब है कि गत पांच वर्षों में बेहद अमीर भारतीयों की संख्या 12 फीसदी बढ़ी है और वर्ष 2022 तक उनकी संख्या और संपत्ति के दोगुना होने का अनुमान है। हमारे समाज में जो असमानता है, उसे सिर्फ आर्थिक वृद्धि की नीति के जरिए पाटना संभव नहीं है। इसमें निजी योगदान का बड़ा महत्व है। अनेक देशों में इससे असाधारण परिणाम आए हैं। अजीम प्रेमजी से प्रेरणा लेकर अन्य उद्योगपतियों को भी सामाजिक विकास के क्षेत्र में अपना योगदान देना चाहिए। उनके योगदान से देश में असंतोष कम होगा और एक शांतिपूर्ण समाज का निर्माण होगा, जिसका लाभ उन्हें भी मिलेगा।

# नीरव मोदी की गिरफ्तारी किसी भी वक्त, लंदन कोर्ट ने जारी किया वारंट

लंदन (आरएनएस)। देश के बैंकों को 13 हजार करोड़ का चूना लगाकर भाग चुके नीरव मोदी पर शिकंजा कस गया है। ताजा घटनाक्रम में ब्रिटेन की अदालत ने नीरव मोदी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। ये वारंट प्रवर्तन निदेशालय के आग्रह पर जारी किया गया है। इसका मतलब है कि कभी भी नीरव मोदी को गिरफ्तार किया जा सकता है।



हाल ही नीरव लंदन की सड़कों पर देखा गया था, जबकि उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी हो चुका है, जिसके बाद ब्रिटेन की वेस्टमिंस्टर कोर्ट ने इस मामले को गंभीरता लिया है और गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया।

सीबीआई ने इंटरपोल और यूके अथॉरिटीज से सम्पर्क साधकर भगोड़े कारोबारी के खिलाफ जारी रेड कॉर्नर नोटिस पर कार्रवाई कर तुरंत गिरफ्तारी की मांग की थी। एजेंसियां लंबे समय से नीरव मोदी का ब्रिटेन से प्रत्यर्पण कराने की कोशिश में जुटी है। यूके से मोदी के प्रत्यर्पण की आधिकारिक मांग पिछले साल जुलाई/अगस्त में की गई थी।

भगोड़ा हीरा कारोबारी नीरव मोदी लंदन में शानो-शौकत की जिंदगी जी रहा है। खबर है कि वह लंदन के वेस्ट एंड इलाके के जिस अपार्टमेंट में रह रहा है उसकी कीमत 73 करोड़ रुपये के आसपास है। हाल ही में वह मीडिया के कैमरे में कैद हुआ था।

# जेल जाने से बचे अनिल अंबानी, एरिक्सन को दिए 462 करोड़ रुपए

नई दिल्ली (आरएनएस)। रिलायंस कम्युनिकेशंस के चेयरमैन अनिल अंबानी जेल जाने से बच गए हैं। कंपनी ने स्वीडिश टेलीकॉम इक्विपमेंट कंपनी एरिक्सन को 462 करोड़ रुपए की पेमेंट कर दी है। अगर ये भुगतान नहीं होता तो अनिल अंबानी को तीन महीने जेल की सजा होती। दोनों कंपनियों के बीच 1 साल से कानूनी लड़ाई चल रही थी। एरिक्शन के वकील ने भुगतान प्राप्त होने की पुष्टि की है। पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट ने रिलायंस कम्युनिकेशंस के अध्यक्ष अनिल अंबानी को जानबूझ कर उसके आदेश का उल्लंघन करने और टेलिकॉम उपकरण बनाने वाली कंपनी एरिक्सन को बकाया भुगतान नहीं करने पर अदालत की अवमानना का दोषी करार दिया था।



## क्या है पूरा विवाद

एरिक्सन ने 2014 में आरकॉम का टेलीकॉम नेटवर्क संभालने के लिए 7 साल की डील की थी। इस मामले में उसका आरोप था कि आरकॉम ने 1,500 करोड़ रुपए की बकाया रकम नहीं चुकाई। पिछले साल दिवालिया अदालत में सेटलमेंट प्रक्रिया के तहत एरिक्सन इस बात के लिए राजी हुई कि आरकॉम सिर्फ 550 करोड़ रुपए का भुगतान कर दे। सुप्रीम कोर्ट ने आरकॉम को 15 दिसंबर तक भुगतान करने के आदेश दिए थे। उसने पेमेंट नहीं किया। इसलिए एरिक्सन ने सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दायर की थी।

# ट्रेन में खाने की शुद्धता पहचानने के लिए रेलवे उठाएगा यह कदम

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय रेलवे द्वारा परिचालित ट्रेनों में मिलने वाले भोजन के पैकेट पर अब बार कोड होगा, जिससे रेलवे के अधिकारी और यात्री यह पता लगा सकेंगे कि भोजन किस किचन में तैयार किया गया है। रेलवे ने कहा है कि इससे भोजन की गुणवत्ता को लेकर रेलयात्रियों द्वारा की जाने वाली शिकायतों में कमी आएगी। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुंबई, दिल्ली, इलाहाबाद, कोलकाता सहित 32 शहरों में उन्नत रेल किचन बनकर तैयार हो गए हैं।



नए नियम के अनुसार खाना पकाने व ट्रेनों में आपूर्ति का काम अलग अलग कंपनी-ठेकेदार करेंगे। खाने के पैकेट पर क्यूआर कोड स्टीकर लगाने से खाना पकाने वाले कंपनी, जांच करने वाले अफसर व ठेकेदार का आसानी से पता लगाया जा सकेगा। इस व्यवस्था से खानपान में उच्च स्तर की गुणवत्ता व स्वच्छता बनी रहेगी। बासी खाने की पैकिंग अथवा किसी प्रकार की गड़बड़ी होने पर सख्त कार्रवाई की जा सकेगी।

## फूड सेफ्टी सुपरवाइजर होंगे नियुक्त

रेलवे किचन में खानपान की निगरानी के लिए फूड सेफ्टी सुपरवाइजर नियुक्ति किए जाएंगे। इस कार्य को कॉमर्श एंड इंडस्ट्री मंत्रालय के नेशनल एग्रीडेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड केलिब्रेटिंग लैबस (एनएबीएल) करेगा।

# लगातार छठे दिन घटे डीजल के दाम, पेट्रोल की महंगाई पर विराम

नई दिल्ली (आरएनएस)। डीजल के दाम में मंगलवार को लगातार छठे दिन राहत मिलने का सिलसिला जारी रहा और पेट्रोल के दाम में लगातार हो रही वृद्धि पर भी विराम लग गया। तेल विपणन कंपनियों ने लगातार पांच दिन की वृद्धि के बाद मंगलवार को पेट्रोल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया। हालांकि डीजल के दाम में कटौती जारी रही। दिल्ली और कोलकाता में डीजल के दाम में 11 पैसे जबकि मुंबई और चेन्नई में 12 पैसे प्रति लीटर की कटौती की गई। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम यथावत क्रमशः 72.78 रुपये, 74.86 रुपये, 78.40 रुपये और 75.59 रुपये प्रति लीटर दर्ज किए गए। चारों महानगरों में डीजल की कीमतें घटकर क्रमशः 66.80 रुपये और 68.59 रुपये प्रति लीटर, 69.97 रुपये और 70.59 रुपये प्रति लीटर हो गई हैं।

# नाइजीरिया का शरणार्थी अमेरिका में स्टेट चेस चैंपियन, मात्र 8 साल है उम्र

निकोलस क्रिस्टोफ (आरएनएस)। हौसले बुलंद हों तो कठिन परिस्थितियों में भी सफलता हासिल होती है। ऐसी ही कहानी है 8 साल के नाइजीरियाई शरणार्थी तानी की, जिसने न्यू यॉर्क स्टेट चेस चैंपियनशिप में ट्रोफी जीती। तानी का यहां तक का सफर बेहद कठिन रहा लेकिन हार नहीं मानने का जज्बा और कड़ी मेहनत के दम पर उसने यह हासिल किया।



न्यू यॉर्क के मैनहेटन में एक शेल्टर होम में रहने वाला 8 साल का बच्चा अपना कुछ सामान हाथों में थामे रूम की तरफ जा रहा था। इस नाइजीरियाई रिफ्यूजी के हाथों में जो सामान था, वह एक बड़ी ट्रोफी थी, जो उसने न्यू यॉर्क स्टेट चैंपियनशिप के अपने वर्ग में जीती। इस दौरान उसने एलीट प्राइवेट स्कूल के बच्चों को मात दी। कमाल की बात यह है कि तानी, जिस नाम से उसे जाना जा रहा है, ने चेस खेलना करीब एक साल पहले सीखा। फिर अपने खेल में तेजी से सुधार किया और आज इस 8 साल के खिलाड़ी के पास 7 ट्रोफी हैं।

# फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले अमेरिकी डॉलर में गिरावट

न्यूयॉर्क (आरएनएस)। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की दो-दिवसीय बैठक से पहले सोमवार को अमेरिकी डॉलर में अन्य प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले गिरावट दर्ज की गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, न्यूयॉर्क ट्रेडिग में सोमवार को यूरो बीते कारोबार में 1.1320 डॉलर के मुकाबले बढ़कर 1.1337 डॉलर रहा। ब्रिटिश पाउंड बीते कारोबार में 1.3285 डॉलर के मुकाबले गिरकर 1.3251 डॉलर रहा। आस्ट्रेलियाई डॉलर बीते कारोबार में 0.7085 डॉलर के मुकाबले बढ़कर 0.7099 डॉलर रहा। अमेरिकी डॉलर रिजर्व ओपन मार्केट कमिटी की बैठक मंगलवार और बुधवार को होनी है। ऐसे में बाजार के प्रतिभागियों की नजर बैठक के अंत में जारी किए जाने वाले फेड के नीतिगत बयान पर रहेगी।



## आज का राशिफल

मेषः आज कार्यस्थल में साथियों का और घर में अपने से छोटे सदस्यों का सहयोग मिलेगा। बच्चों के करियर को लेकर हो रही चिंता आपको थोड़ी भाग दौड़ करा सकती है।

वृषभः आज ऑफिस में हर तरह की रुकावटों और अड़चनों को आप अपने सीनियर्स की मदद से हटाते रहेंगे। एसएमएस के जरिए कोई महत्वपूर्ण खबर मिलेगी।

मिथुनः आज आपको कुछ दिनों पहले खोई हुई कोई खास चीज मिल सकती है। किसी को बहुत पहले दिया गया उधार आज वापस मिल जाएगा। लेकिन खास बात यह है कि इसके अलावा भी दिन भर आपको कई सरप्राइज मिलते रहेंगे।

कर्कः आज आपका दिन कई रंग बदलेगा। पहले नए काम में कुछ रुकावट महसूस करेंगे। लेकिन दिन बीतने के साथ साथ काम बनते नजर आएंगे।

सिंहः आज आपके प्रॉपर्टी के मामले हल हो सकते हैं। कमाई में बढ़ोतरी होगी, लेकिन साथ ही खर्च के बहाने भी मिल जाएंगे। लेखक और पत्रकार जैसे लोग, लोगों की नजरों में चढ़ जाएंगे।

कन्याः आज आपका दिन चुस्ती से भरा होगा। आपके सहयोगी रिलैक्स मूड में रहेंगे और पहले से ज्यादा काम करने की इच्छा जताएंगे। बदलाव के तौर पर आप अपने अन्दर छिपी प्रतिभा को बाहर निकालने की कोशिश करेंगे और कामयाब भी होंगे।

तुलाः आज सोसायटी में आपका मान सम्मान बढ़ेगा। इसके लिए कोई आयोजन हो सकता है। आपके प्रेमी को किसी बात से समझौता करना पड़ सकता है, लेकिन कुछ फायदों को देखते हुए इसमें कोई नुकसान भी नहीं है।

वृश्चिकः आज आप सोशल वर्क के जरिए कुछ उद्देश्य हासिल करेंगे। ऑफिस का माहौल काम के लिए बिल्कुल ठीक रहेगा।

धनुः आज के दिन ऑफिस के वर्तमान माहौल में आपके लिए मन लगाना कुछ मुश्किल हो सकता है। माहौल को जिंदादिल बनाने की आपकी कोशिश कामयाब हो सकती है, बतर्शे आपके सहयोगी सपॉर्ट करें।

मकरः आज का दिन आपके इम्तिहान जैसा है। मेहनत से जो कुछ भी करेंगे, वह काफी अच्छा रिजल्ट लेकर आएगा। पिछले दिनों हुए नुकसान की भरपाई होने की उम्मीद है।

कुंभः आज दिन की शुरुआत थोड़ा बेचैनी से होगी। जो काम आप करेंगे वह इसी बेचैनी के चलते होगा। ऐसे में महसूस होगा कि आपने एक ही दिन में ढेर सारे लटके हुए काम निपटा लिए हैं। थोड़ा घूमना फिरना पड़ सकता है।

मीनः आज आप किसी सौदे या लेन-देन के दौरान टेंशन न लें। बढ़ते खर्च को काबू में करना काफी कठिन लगेगा, लेकिन थोड़ी सी इच्छाशक्ति से सब कुछ संभव है।

# विश्व कप में भारत-पाकिस्तान मुकाबले पर कोई खतरा नहीं : आईसीसी

कराची (आरएनएस)। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेव रिचर्डसन ने कहा कि आगामी विश्व कप के दौरान होने वाले भारत तथा पाकिस्तान मुकाबले पर कोई खतरा नहीं है। रिचर्डसन ने कहा कि दोनों टीमें आईसीसी के साथ खेलने को लेकर वचनबद्ध हैं और इन दोनों के बीच 16 जून को मैनचेस्टर में होने वाला मुकाबला नियम समय पर होगा।

पुलवामा में बीते महीने हुए आतंकवादी हमले में भारत के 40 सीआरपीएफ जवानों के मारे जाने के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ किसी भी स्तर पर क्रिकेट रिश्ता नहीं रखने की बात कही थी और तभी से इस मुकाबले पर आशंका के बादल मंडरा रहे थे।

लोगों की मांग को देखते हुए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित प्रशासकों की समिति ने आईसीसी को पत्र लिखकर इस मैच में नहीं खेलने और बाकी देशों द्वारा भी पाकिस्तान का बहिष्कार करने की अपील की थी।

रिचर्डसन ने कहा, सभी प्रतिभागी टीमों ने एक करार पर हस्ताक्षर किए हैं और इस कारण उन्हें विश्व कप के हर मैच में खेलना होगा।

# भारत-पाकिस्तान फाइनल में पहुंचे तो भी बहिष्कार होना चाहिये: गंभीर

नई दिल्ली (आरएनएस)। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज और अपनी सटीक टिप्पणी के लिये मशहूर गौतम गंभीर ने कहा है कि भारत को विश्वकप में 16 जून को पाकिस्तान के साथ अपना मैच नहीं खेलना चाहिये और यदि दोनों टीमें फाइनल में पहुंच भी जाती हैं तो भारतीय टीम को फाइनल से हटकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक गंभीर संकेत पहुंचाना चाहिये। क्रिकेट से संन्यास ले चुके और राजनीति में उतरने की अटकलों के बीच गंभीर ने 15 क्रिकेटरों को आस्ट्रेलिया के पर्थ के लिये रवाना करने के विदाई कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, हमें पाकिस्तान के साथ हर प्रकार के खेल और क्रिकेट संबंधों को तोड़ लेना चाहिये।



गंभीर ने कहा, भारत को 30 मई से इंग्लैंड में शुरू होने वाले विश्वकप में 16 जून को पाकिस्तान के साथ मैच को तो किसी भी हालत में नहीं खेलना चाहिये। यदि दोनों टीमें फाइनल में पहुंच जाती हैं तब भी भारत को फाइनल का बायकॉट कर पूरी दुनिया को एक जबरदस्त संदेश देना चाहिये कि उनके लिये देशहित पहले है और वे देश के लिये कोई भी कुर्बानी देने को तैयार हैं।

# गांगुली ने नंबर-4 के लिए पंत का किया समर्थन

नई दिल्ली (आरएनएस)। पूर्व भारतीय कप्तान सौरभ गांगुली ने आगामी विश्व कप में नंबर-4 स्थान के लिए युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत का समर्थन किया है। पंत को हाल में आस्ट्रेलिया के साथ खेली गई पांच मैचों की वनडे सीरीज के आखिरी दो मैचों के लिए टीम में शामिल किया गया था, जहां वह अपनी विकेटकीपिंग को लेकर आलोचकों के निशाने पर आ गए थे। पंत ने चौथे मैच में 36 और पांचवें में 16 रन बनाए थे।

गांगुली ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पंत ने टेस्ट में अपनी प्रतिभा को साबित किया है। उन्होंने कहा कि सीमित ओवरों के क्रिकेट में अगर वह ऊपर आते हैं तो यहां भी अपनी अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। गांगुली ने कहा, उन्होंने (पंत) पिछले आईपीएल टूर्नामेंट में काफी अच्छा किया था।

## होली पर बनायें स्पेशल पनीर की खीर



होली के दिन हर घर में तरह तरह के पकवान बनाए जाते हैं दिवाली की तरह इस त्योहार में भी मीठा खाया जाता हैं। इस अवसर पर हर कोई गुजिया तो बनाता हैं, लेकिन इस बार कुछ नया ट्राय करें तो इस बार मेहमानों और घरवालों को खुश करने के लिए जानिए पनीर की खीर की विधी। जो की खाने में बेहद जायकेदार और सेहत के लिए फायदेमंद हैं।

आवश्यक सामग्री


1. पनीर - 100 ग्राम
2. फुल क्रीम दूध- 5 कप
3. खोया- दो कप
4. चीनी- आधा कप
5. पानी- एक कप
6. इलायची पाउडर- एक चौथाई चम्मच
7. केसर - कुछ धागे
8. काजू-बादाम- बारीक कटे हुए

1- सबसे पहले एक पैन में पानी और उसमें चीनी ड़ाल कर अच्छे से मिक्स कर लें। इसके बाद चाकू की मदद से छोटे छोटे आकार में काट लें फिर इसे 6-7 मिनट पकने दें, बाद में पनीर को इस पानी से निकाल कर एक कटोरी में कर लें और गैस बंद कर दें। 2- एक दूसरा पैन लें और इसमें दूध डाल कर आधा होने तक उबाल लें। जब दूध आधा हो जाए तब इसमें खोया और पनीर ड़ाल कर अच्छी तरह से मिला लें। इसके बाद गैस को धीमा कर दें और दूध को पकने दें।3- दूध के गाढ़ा हो जाने के बाद आप गैस बंद कर दें। इसके बाद पनीर की खीर में बादाम, काजू और इलाइची पाउडर ड़ाल कर मिक्स कर लें फिर पैन में से इस खीर को एक कटोरी में निकाल कर फ्रीज में ठंड़ा होने रख दें। खीर ठंड़ा हो जाने पर इसकी गार्निशिंग कर के महमानों को सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य-11

**बाएं से दाएं :**
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरैया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संस्था 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 10 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | | सा | म | ना | | कै | दी |
| व | | ख | ल | ना | य | क | | वा |
| लं | प | ट | | ना | क | क | ट | ना |
| बी | | प | | | | ड़ी | | प |
| | अ | ट | प | टा | | | शा | न |
| स | ह | | यो | | | र | ति | |
| ह | म | | द | र | ब | द | र | |
| म | क | र | | सी | ल | | | |
| त | | क्षा | | द | वा | खा | ना | |

## सू-दोकू-11

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.10 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |